तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 6 सितंबर 2025


11 बाढ़ राहत के लिए किए जा रहे कार्य अपर्याप्त....


11 शिकायतों का त्वरित निपटान सुनिश्चित करें

## खबर संक्षेप

### चार घंटे बंद रहेगी आज बिजली सप्लाई

**उचाना।** 33 केवी सब स्टेशन उचाना मंडी की बिजली सप्लाई 6 सितंबर को 4 घंटे बंद रहेगी। एसडीओ जोजो तनेजा, जेई दर्शन भुकल ने बताया कि शनिवार को सुबह 9 बजे से लेकर 1 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। 132 केवी खरक भूरा में जो मेंटेनेंस का कार्य चल रहा है उसके चलते 33 केवी की बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### पूर्व सैनिकों की 7 सितंबर को होगी मासिक मीटिंग

**कैथल।** जिला कैथल के पूर्व सैनिकों व सैनिक परिवारों की मासिक मीटिंग 7 सितंबर रविवार प्रातः 8:30 बजे हनुमान वाटिका में होगी। इसकी जानकारी देते हुए एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि मीटिंग में पंजाब में आई भयंकर बाढ़ से पीड़ितों की मदद के लिए एसोसिएशन जो राशि एकत्रित कर रही है उसके लिए कमेटी का गठन करेंगी।

### मकान से 50 हजार की नकदी और फोन चोरी

**जींद।** धर्मसिह कालोनी नरवाना में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर 50 हजार रुपये की नगदी तथा मोबाइल फोन को चोरी कर लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। धर्मसिंह कालोनी निवासी राजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की बीती रात चोर मकान का ताला तोड़ कर अंदर घुस गए और 50 हजार रुपये की नगदी तथा मोबाइल फोने को चोरी कर लिया।

### दंपति का अपहरण करने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** थाना तितरम क्षेत्र अंतर्गत एक पति पत्नी का अपहरण करने के मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई जयभगवान की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव बढछपर जिला हिसार निवासी अनूप उर्फ दिल्लु को काबू कर लिया गया।

### गांव मुआना में मकान से लाइसेंसी पिस्तौल गायब

**जींद।** गांव मुआना में घर से लाइसेंसी पिस्तौल गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव मुआना निवासी महेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह आर्मी में कार्यरत है। उसने अपने लाइसेंसी पिस्तौल को अलमारी में रखा हुआ था। तीन दिन पहले वह अपने घर छुट्टी आया था। जब उसने अपने पिस्तौल को संभाला तो वह गायब मिला।

### चोटे मारने के मामले में बेल जंपर आरोपी दबोचा

**कैथल।** पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई रणदेव द्वारा उद्घघोषित अपराधी गांव फ्रांसवाला निवासी मंदीप को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर 4 सितंबर 2020 को गांव फ्रांसवाला में टायर पेंचर की दुकान करने वाले एक व्यक्ति से मारपीट करते हुए चोटे मारने का आरोप है। जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज किया गया था।

### दुकान का टूटा ताला नकदी-सामान चोरी

**जींद।** करसिंधु में बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर नगदी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव नारा निवासी रामपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव करसिंधु में करियाने की दुकान है। चोरों ने दुकान से 30 हजार की नकदी,सामान को चोरी कर लिया।

### फल्गु लोककला महोत्सव का आरंभ 12 सितंबर से

**पूंडरी।** फल्गु तीर्थ पर कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, सरकार और फल्गु मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में फल्गु लोककला महोत्सव का आयोजन 12 से 14 सितंबर तक होगा। दिनेश शर्मा ने बताया कि पहले दिन 12 सितंबर को हरियाणवी लोकनृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## नागरिक अस्पताल के नए भवन में शिफ्ट होगा गायनी वार्ड
## प्रतिदिन दो सौ से अधिक महिलाएं ओपीडी में पहुंच रही

*नए भवन से आई वार्ड को प्रथम तल पर किया शिफ्ट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पुराने भवन में चल रहा गायनी वार्ड नए भवन के भूतल पर शिफ्ट किया जा रहा है। यहां पर पहले आई वार्ड चल रहा था। आई वार्ड को यहां से उठा कर नए भवन के ही प्रथम तल पर फशिफ्ट किया गया है। नागरिक अस्पताल के पुराने भवन में लंबे अर्से से गायनी वार्ड चल रहा था। हालांकि यहां पर महिलाओं के बैठने की बेहतर जगह थी। पिछले कुछ दिन पहले ही पुराने भवन में महिलाओं की सुविधा के लिए अलग कमरों में महिलाओं की हर तरह की जांच होती थी।

### चार दिन में सभी सुविधाएं शुरू हो जाएंगी

इसके बाद महिलाओं को चिकित्सक के पास उपचार के लिए भेजा जाता था। यह भीड़ कम करने के लिए किया गया था। अब यहां पर आने वाली गर्भवती महिलाओं को होने वाली परेशानी को देखते हुए। इसको नए भवन में ही शिफ्ट करने का निर्णय लियाए ताकि गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी के लिए नए भवन में जाने में परेशानी न हो। अब तक डिलीवरी के लिए आने वाली महिलाओं की पहले पुराने भवन में जांच होती थी। इसके बाद इनको नए भवन में डिलीवरी के लिए भेजा जाता था। महिलाओं को यहां पर चक्कर काटने में परेशानी भी होती थी। इसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने पुराने भवन से गायनी वार्ड को नए में शिफ्ट करने का निर्णय लिया। इसको लेकर अस्पताल के पुराने भवन से गायनी का सामान भी नए में शिफ्ट करवाना शुरू कर दिया। यहां पर महिलाओं को जांच व डिलीवरी करवाने में परेशानी नहीं होगी। इसी भवन के प्रथम तल पर डिलीवरी वार्ड व जच्चा बच्चा वार्ड चल रहा है। आगामी तीन से चार दिन में यहां पर सभी तरह की गायनी की सुविधाएं शुरू हो जाएंगी।

### एक ही स्थान पर महिलाओं को सभी तरह की सुविधाएं मिलेगी

नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन 200 के लगभग गर्भवती महिलाएं उपचार व जांच के लिए आती हैं। हालांकि नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 10 डिलीवरी भी होती हैं। प्रतिदिन गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड भी करवाए जाते हैं। अब तक यह निजी अस्पताल में अनुबंध पर चल रही व्यवस्था पर निर्भर था लेकिन अब नागरिक अस्पताल के नए भवन में ही इन महिलाओं का अल्ट्रासाउंड शुरू किया गया है। एक ही स्थान पर महिलाओं को सभी तरह की सुविधाएं देने के लिए प्रशासन ने यह फैसला लिया।



### गायनी की ओपीडी को नए भवन में प्रारंभ किया जाएगा: सीएमओ




सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि महिलाओं को किसी प्रकार की परेशानी न रहे, इसको देखते हुए महिलाओं की ओपीडी नए भवन में शिफ्ट करवाई जा रही है। महिलाओं को बेहतर सुविधाएं देने के लिए गायनी की ओपीडी को नए भवन में शुरू करवाया गया है। यहां पर डिलीवरी व अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी चल रही है।

## एसडीएम ने समस्या सुनी व अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध के निर्देश जारी
## घग्गर का जल स्तर पहुंचा खतरे के निशान से ऊपर, कई गांवों में जलभराव की स्थिति

*घग्गर से लगते सभी क्षेत्रों की गहनता से निगरानी की जा रही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

घग्गर के जल स्तर के दृष्टिगत एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह क्षेत्र का निरंतर दौर कर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। इसी कड़ी में उन्होंने शुक्रवार को गांव भागल, भूंसला, रत्ताखेड़ा कड़ाम, सिहाली, पपराला, मोहनपुर, मैंगड़ा, बाउपुर, कमहेड़ी, खंबेहड़ा, सरोला, रत्ताखेड़ा लुकमान, बुबकपुर आदि गांवों का दौरा करके स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने किसानों की समस्या सुनी और अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश जारी किए। ग्रामीणों को पानी, बिजली, स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। एसडीएम ने कहा कि घग्गर का जल स्तर 23.4 फुट है। कुछ गांवों के खेतों में पानी है। अभी स्थिति सामान्य है। डीसी प्रीति के मार्गदर्शन में गुहला घग्गर से लगते सभी क्षेत्रों की गहनता से निगरानी की जा रही है। गांव में ग्राम सचिव व पटवारी धरातल स्थल की पूरी जानकारी स्थानीय व जिला प्रशासन के संज्ञान में लेकर आ रहे है। अन्य विभागों के उच्च अधिकारियों द्वारा भी गांवों का दौरा किया जा रहा है। ग्रामीणों व किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की मांगों पर सिंचाई विभाग द्वारा मिट्टी से भरे कट्टे उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। सरोला साइफन से भी गाद व जलखुंबी निकाली जा रही है। घग्गर से लगते गांवों में जेसीबी, पोकलेन व अन्य मशीनें 24 घंटे के लिए तैनात हैं। कहीं तटबंध कमजोर की सूचना मिलते ही तुरंत इन मशीनों को भेजा जाएगा। पानी कुछ गांव के खेतों तक पहुंचा हुआ है। घग्गर के जल स्तर बढ़ने से रत्ताखेड़ा कड़ाम से मोहनपुर जाने वाली सड़क व अन्य दो तीन सड़कों का लेवल नीचा होने के कारण ऊपर से पानी बह रहा है। आबादी में कहीं भी पानी नहीं पहुंचा है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सरपंचों से संपर्क बनाए हुए हैं। रात को गांव में ठीकरी पहरा लगाकर चारों तरफ की निगरानी की जा रही हैं। स्थानीय प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है कि वे घग्गर नदी के पास न जाएं।

### ग्रामीणों तक पहुंचाई जा रही बिजली, पानी, स्वास्थ्य सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं





गुहला-चीका। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह गांवों का दौरा करते। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

पुलिस विभाग द्वारा एहतियात के तौर पर मुख्य स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। जन स्वास्थ्य विभाग पेयजल आपूर्ति व बिजली विभाग द्वारा बिजली आपूर्ति निर्बाध रूप से करवाई जा रही है। इस मौके पर तहसीलदार रविंद्र हुड्डा, प्रवीण कुमार कानूनगो सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

#### जागरूकता शिविर का आयोजन

पशुपालन विभाग द्वारा घग्गर के लगते गांवों में टीमें भेजी हैं। जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, किसानों को पशुओं के रखरखाव के बारे में पूर्ण जानकारी दी जा रही है। जरूरी दवाइयों का स्टॉक उपलब्ध है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ओपीडी से ग्रामीणों का चेकअप किया जा रहा है और जरूरी दवाइयां वितरित की जा रही हैं।



जींद। दोपहर बाद शहर में होती तेज बारिश। फोटो :हरिभूमि

## एक दिन राहत, फिर बरसात ने किसानों को चिंता में डाला

- शुक्रवार शाम को जींद व आसपास इलाकों में हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शुक्रवार शाम को जींद व आसपास इलाकों में हुई हलकी बारिश ने फिर से किसानो की चिंता को बढा दिया। हालांकि बारिश ज्यादा देकर जारी नही रही। आकाश में छाए बादलों से बारिश की संभावना बनी रही। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 80 प्रतिशत तथा हवा की गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में आकाश में बादल छाए रहने के कहीं-कहीं बूंदाबांदी की संभावना है। पिछले एक सप्ताह से लगभग हर रोज बारिश तथा बूंदाबांदी हो रही है। वीरवार को नरवाना तथा अलेवा में बारिश हुई थी। जबकि अन्य स्थानो में मौसम शुष्क बना हुआ था। शुक्रवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। दिन चढने के साथ बादल हलके हो गए। तापमान में भी दो डिग्री का इजाफा दर्ज किया गया। शाम को मौसम ने करवट ली और जींद तथा आसपास के इलाके में बारिश शुरू हो गई। जिससे मौसम सुहाना हो गया।

#### फसलें प्रभावित

लगातार बारिश के कारण पिल्लूखेड़ा, जुलाना तथा नरवाना इलाका के कुछ गांवों की फसलों में बरसाती पानी खड़ा हुआ है। फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है। वीरवार को किसानों के लिए कुछ राहत भरा दिन रहा। किसानों को कुछ आस जागी। शुक्रवार शाम को हुई बारिश ने फिर से किसानो की चिंता को बढा दिया। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि अगले 24 घटो के दौरान आकाश मे बादल छाए रहने की संभावना है। कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है। किसान कृषि से संबंधित कार्य मौसम को ध्यान मे रख कर करें।



नरवाना। कालोनी में जमा सीवरेजयुक्त पानी। फोटो :हरिभूमि

#### जलनिकासी न होने से लोग परेशान

**नरवाना।** अग्रसेन नगर की गली नंबर 12 में सीवरेज के पानी को लेकर शुक्रवार को कॉलोनीवासियों ने जाम लगा दिया। कालोनीवासियों का कहना था कि कालोनी में पिछले काफी समय से सीवरेज की समस्या बनी हुई है। जिससे कालोनीवासियों को परेशान होना पड़ रहा है। समस्या को लेकर अधिकारियों से अवगत करवाया जा चुका है लेकिन समस्या का समाधान नही किया गया है। नरवाना स्थित रेलवे रोड पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब अचानक से कॉलोनीवासियों ने रेलवे रोड पर जाम लगा दिया। कॉलोनीवासियों का कहना था कि अग्रसेन नगर की गली नंबर 12 में पिछले एक महीने से गली उखाड़ दी गई है। ठेकेदार के द्वारा जो की गली उखड़ते हुए जेसीबी द्वारा सीवरेज के मेनहोल तथा सीवरेज की लाइन तोड़ दी गई थी। जिससे लोगों को भारी परेशानी थी। लोग गंदे पानी में से निकलने को मजबूर हैं। कई बार पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट, ठेकेदार, पार्षद को समस्या से अवगत करवाया लेकिन किसी ने कोई कार्रवाई नही की।

## डिप्टी स्पीकर ने तीन फुट पानी के बीच जाकर लिया जायजा

- किसी भी किसान को नहीं होने दिया जाएगा नुकसान: डा. मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि प्राकृतिक आपदा में किसी भी व्यक्ति को जान-माल की हानि ना हो। क्षेत्र में अत्यधिक बरसात के कारण कुछ स्थानों पर जलभराव हुआ है। अधिकारियों द्वारा निरंतर कार्य करते हुए खेतों से जलभराव की निकासी निरंतर की जा रही है। इस कार्य की मॉनिटिंग भी लगातार की जा रही है। किसी भी किसान को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। जिन क्षेत्रों में जलभराव के कारण फसल खराब हुई है, उन क्षेत्र के किसानों को ई- क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से मुआवजा राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी।

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा शुक्रवार को जुलाना उपमंडल के गांव निडाना, शामलो कलां, बख्ताखेड़ा, झमौला तथा मालवी का दौरा करने के दौरान ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने जल निकासी के कार्य का निरीक्षण करके फीडबैक ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल निकासी के कार्य को निरंतर गति प्रदान करते हुए पूरा करें ताकि किसानोंध्ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। इस अवसर पर उनके साथ डीसी मोहम्मद इमरान रजा, बीजेपी जिला अध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, कैप्टन योगेश बैरागी, एसडीएम जुलाना होशियार सिंह, एसडीएम जींद सत्यवान सिंह मान सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



झमोला में पानी के बीच उतर कर जायजा लेते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

#### सरकार पूरी तरह से किसानों के साथ खड़ी: मिड्ढा

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने जुलाना खंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान जब वे गांव झमौला में पहुंचे तो एक किसान ने बताया कि उनके खेतों में बहुत ज्यादा जलभराव है और उसकी फसल खराब हो चुकी है। इस बात को सुनते ही डिप्टी स्पीकर वहां से पैदल चल कर किसान के खेतों में पहुंचे। इतना ही नहीं जब उन्होंने देखा की पानी वाकई में ज्यादा है तो वे खुद किसान के साथ खेतों में भरे पानी में उतरे और फसल नुकसान का जायजा लिया। मौके पर मौजूद किसानों ने कहा कि सरकार पूरी तरह से किसानों के साथ खड़ी है।

#### राहत कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश

डिप्टी स्पीकर ने जुलाना लोक निर्माण विश्राम गृह में अधिकारियों की बैठक ली और राहत कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए और भविष्य में जल निकासी की व्यवस्था को और अधिक कारगर बनाने हेतु विशेष योजना बनाने के लिए कहा। इस मौके पर जिला महामंत्री पुष्पा तायल, सिंचाई विभाग के एसई पुनीत राय, कार्यकारी अभियंता विकास गिरधर, विकास मलिक, सतपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं ने जाहरवीर गोगा पीर की पूजा कर सुखद भविष्य की कामना की
## छड़ियों का मेला श्रद्धा और उल्लास से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

झांझ गेट पर शुक्रवार को गोगामेड़ी पर छड़ियों का मेला श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर भर के लोगों ने जाहरवीर गोगा जी महाराज की पूजा की। मेले की व्यवस्था को सुचारू बनाने का काम किया गया था। इस अवसर पर खेल खिलौने वालों ने बड़ी संख्या में अपनी दुकान लगा रखी थी। शहर में इस मेले का आयोजन सैंकड़ों वर्षों से लगातार हो रहा है। इस मेले में सभी धर्मों के लोग भाग लेते हैं जो भाईचारे का प्रतीक है। मेले में जींद शहर सहित आसपास के गांव व अन्य जिलों से भी श्रद्धालुगण भाग लेते हैं। समिति के संरक्षक ओमप्रकाश सैनी ने बताया कि इस मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण मेले में आकर गोगा मेडी पर अपनी मन्नत मांगते हैं और उनकी मनोकामना पूरी होती हैं। श्रद्धालु अमन ने बताया कि हर वर्ष की तरह मेले में देशी घी का प्रसाद वितरण किया गया।





#### नागदेवता का अवतार

उन्होंने बताया कि जाहरवीर गोगा का जन्म एक हिंदू क्षत्रिय परिवार में हुआ था और उनका विकास एक वीर और महान योद्धा के रूप में हुआ। वे अपनी वीरता, साहस, धर्म एवं गौरक्षा और न्याय के लिए प्रसिद्ध थे। जाहरवीर गोगा को नागदेवता का अवतार भी माना जाता है और उन्हें सर्प भगवान के साथ जोड़ा जाता है। भारत के राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात में सभी वर्गों के बीच जाहरवीर गोगा की पूजा और भक्ति काफी लोकप्रिय है। उन्हें वीरता, साहस और समर्पण के प्रतीक के रूप में देवी देवताओं के साथ पूजा जाता है।

## हत्या करने के दो दोषियों को उम्रकैद, जुर्माना भी लगाया

- अदालत ने दोनों को 35-35 हजार रुपये जुर्माना लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर सिंह की अदालत ने हत्या के दो दोषियों को उम्र कैद की सजा व 35-35 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 24 फरवरी 2018 को बडसीपत्ती नरवाना निवासी मुकेश ने पुलिस को दी शिकातय में बताया था कि उसका भाई बलजीत कन्या स्कूल के निकट बिजली रिपेयरिंग तथा विवाह शादियों में मशीन से पिसाई का कार्य करता था। बलजीत अपने दो दोस्तों के साथ दुकान के बाहर बैठा हुआ था। उसी दौरान एक व्यक्ति बिजली की केबल लेने के लिए दुकान पर पहुंचा। बातचीत के दौरान व्यक्ति ने घर में सगाई होने की बात कही, जिस पर बलजीत ने उसके पास पिसाई मशीन होने की बात कही। व्यक्ति ने बलजीत को गुरथली रोड पर आने की बात कही। जिस पर बलजीत बाइक पर पिसाई मशीन को रखकर गुरथली रोड पर चला गया। देर रात को बलजीत का शव गुरथली रोड पर खून से लथपथ पड़ा हुआ था।



# बागी 4 में विलेन बनकर छा गए संजय

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म 'बागी 4' रिलीज हुई। इस फिल्म में संजय दत्त खूंखार विलेन के रोल में नजर आए। सोशल मीडिया पर फिल्म देखने के बाद यूजर्स ने रिएक्शन देना शुरू कर दिया है। फिल्म में टाइगर श्रॉफ मोहब्बत में हर हद पार करते हुए नजर आए। वहीं, विलेन के रोल में संजय दत्त छा गए। एक एक्स (ट्विटर) यूजर ने फिल्म देखने के बाद संजय दत्त की एक्टिंग की तारीफ की। यूजर ने लिखा, 'संजय दत्त एक जादू है, वह सिर्फ खलनायक का किरदार नहीं निभाते हैं, आपको उसके गुस्से, दर्द का अहसास भी कराते हैं। बागी 4 में संजय दत्त की फिल्म वास्तव की क्रूरता, भावनात्मकता की झलक भी मिलती है। टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म 'बागी 4' में संजय दत्त को सेंटर ऑफ अट्रैक्शन हैं। कई चर्चित कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं, इसमें हरनाज कौर संधू, सोनम बाजवा, श्रेयस तलपड़े और सौरभ सचदेवा अहम किरदारों में दिखाई दिए।

लाइफ Style

# अनन्या
## मोतियों से जड़ी ड्रेस में दिखीं खूबसूरत



अनन्या पांडे ने सोशल मीडिया हैंडल पर अपना एक शानदार वीडियो शेयर किया है। अनन्या के यह लेटेस्ट लुक का मजाक उनके पिता चंकी पांडे ने अपनी राय पेश की है। अनन्या इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच अनन्या ने अपना एक स्टाइलिश लुक में वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनन्या का यह लुक उनके पिता चंकी पांडे को कैसा लगा, इस बात का खुलासा अनन्या ने खुद किया है। अनन्या पांडे ने आज इंस्टाग्राम पर अपना खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अनन्या पहले मेकअप करती नजर आ रही हैं। बाद में अनन्या मोतियों से जड़ी ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। इस शानदार वीडियो के साथ अनन्या ने कैप्शन में लिखा, 'मेरे पिता जी (चंकी पांडे) यह नहीं कह रहे हैं कि मेरा ग्लैमर किसी कॉमेडी शो जैसा लग रहा है। यह वीडियो आपके लिए है।' सिंगर कनिका कपूर और अनन्या की मां भावना पांडे ने लाल दिल वाले स्माइली इमोजी बनाए हैं। निर्देशक प्रियंका कपाड़िया ने लिखा, हाहाहा, क्या हमें अपनी बातें बतानी चाहिए। एक फैन ने लिखा, मुझे बहुत पसंद आया, एक और फैन ने लिखा, नया हेयर स्टाइल अपना रही हैं अनन्या, क्या आपको ये हेयर स्टाइल पसंद है? एक फैन ने लिखा, बहुत पसंद आया। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन समीर विदवान कर रहे हैं। इसका निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस और नमः पिक्चर्स ने किया है। यह फिल्म अगले वैलेंटाइन पर सिनेमाघरों में 13 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला



# 55 फिल्मों, 10 टीवी शोज में कर चुके हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** डेनजेल वाशिंगटन उन सितारों में शुमार हैं, जिन्हें इंडस्ट्री में सबसे अधिक सम्मान मिलता है। अपने 6 दशक लंबे करियर में उन्होंने खुद को एक ऐसे अभिनेता के रूप में स्थापित किया है, जिसने दो ऑस्कर जीते हैं। कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है। यह उनके कॅरियर की 55वीं फिल्म है। इसके अलावा वह लाइसेंस टू किल से ग्रेज एनाटॉमी' समेत 10 टीवी शोज में नजर आ चुके हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, डेनजेल वाशिंगटन की 55 रिलीज फिल्मों ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 4.9 बिलियन डॉलर यानी 43178 करोड़ से अधिक का कारोबार किया है।




# दर्शकों को कम डरा पा रही द कॉन्ज्यूरिंग 4

**लॉस एंजिल्स।** द कॉन्ज्यूरिंग यूनिवर्स का अंतिम भाग 'द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स'शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हुई। फिल्म को देखने के बाद एक्स पर यूजर्स प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। लोगों द्वारा फिल्म को मिले-जुले रिएक्शंस मिल रहे हैं। एक यूजर ने कहा, 'पूरी तरह से निराशाजनक है। हॉरर और थ्रिलर के प्रशंसकों के लिए इसमें कुछ भी नया या दिलचस्प नहीं है। यह समय की बर्बादी और एक बड़ी निराशा है।'इसके अलावा एक अन्य यूजर ने लिखा कि ये फिल्म अन्य भागों की तरह नहीं है। 'द कॉन्ज्यूरिंग' फिल्म के जितने भी पार्ट हैं, वो सच्ची घटनाओं पर आधारित हैं। इन फिल्मों में पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर एड और लॉरेन वॉरेन द्वारा की गई वास्तविक केस को फिल्म के माध्यम से दिखाया गया है। 'द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स'इस सीरीज का अंतिम भाग है।



# मलयालम फिल्म लोका की फैन बनीं प्रियंका

**मुंबई।** मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' को सिनेमाघरों में 10 दिन हो चुके हैं। हाल ही में यह हिंदी वर्जन में भी दर्शकों को देखने को मिल रहा है। इस फिल्म की तारीफ बॉलीवुड सेलेब्स भी कर रहे हैं। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म लोका को सराहा। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'भारत की पहली वुमन सुपरहीरो आ गई है। फिल्म 'लोका' की पूरी टीम को बधाई। यह कहानी मलयालम में पहले से ही लोगों का दिल जीत रही है। अब यह हिंदी में भी आ गई है। मैंने इसे अपनी वॉचलिस्ट में पहले ही जोड़ लिया है। मलयालम फिल्म लोका एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर हैं। वह बेंगलुरु में रहने आई है और असहाय पुरुष और महिलाओं को मुश्किलों से बचाती है।



# किंग फिल्म के सेट से लीक हुआ शाहरुख का लुक!

**मुंबई।** हाल ही में शाहरुख खान ने अपनी फिल्म किंग की शूटिंग शुरू की है। सोशल मीडिया पर 'किंग' फिल्म का एक लुक वायरल हो रहा है। इसमें शाहरुख खान काफी अलग नजर आ रहे हैं। अब तक उन्होंने किसी भी फिल्म में ऐसा एक्सपेरिमेंट अपने लुक के साथ नहीं किया था। इस फिल्म में उनके साथ बेटी सुहाना खान भी दिखाई देंगी। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म होने वाली है। हाल ही में इस फिल्म के एक शूटिंग शेड्यूल पर शाहरुख खान मौजूद दिखे। इस शूटिंग सेट से कुछ वीडियो, फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिसमें शाहरुख का लुक किंग मूवी में कैसा होगा, इसका अंदाजा फैंस को हो गया। शाहरुख काफी बदले हुए नजर आए। एक धुंधली से तस्वीर में उनके बालों का रंग ग्रे कलर का नजर आया। वहीं, एक वीडियो में वह अपने सिर को कवर करते हुए दिखे।

टीवी मसाला



# बसीर बने नए कैप्टन, तान्या-जीशान से भिड़ने के बाद रोईं कुनिका

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में पहले दिन से ही हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है। इसमें कंटेस्टेंट के बीच नोक-झोक और बहस से लेकर टास्क व कैप्टेंसी तक को लेकर तकरार देखने को मिल रही है। घर में तान्या मित्तल की एक के बाद एक हरकतें लगातार उन्हें चर्चाओं में बनाए हुए हैं। अब शो के लेटेस्ट एपिसोड में तान्या और कुनिका सदानंद के बीच फिर तगड़ी बहस देखने को मिली है। वहीं, घर की कप्तानी भी अब बसीर अली के पास पहुंच गई है। कुनिका ने शिकायत की कि तान्या को कुछ गंभीर समस्याएं हैं। उन्होंने बताया कि तान्या कभी किसी बात को नहीं छोड़तीं। दूसरी ओर तान्या और अशनूर कौर के बीच एक बड़ी तुलना करते हुए कुनिका ने खुलासा किया कि अगर अशनूर गपशप करना बंद कर दें, तो वह उन्हें अपनी बहू के रूप में देखना पसंद करेंगी। इसके बाद जब अशनूर ने कुनिका से इस बारे में बात की तो तान्या और कनिका की बहस छिड़ गई। तान्या ने जहां कुनिका के सबके सामने उन्हें घासलेट कहे जाने पर नाराजगी जताई, तो वहीं कुनिका को घमंडी बताते हुए कहा कि अगर उन्हें लगता है हर कोई उनका विरोध करता है, तो वो बातचीत ही न करें या कम करें।

# कीकू शारदा नहीं छोड़ रहे द ग्रेट इंडियन कपिल शो

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में नजर आ रहे कीकू शारदा के फैंस का गहरा धक्का लगा, जब उन्हें ये खबर मिली की एक्टर-कॉमेडियन ने शो छोड़ दिया है। क्योंकि, वह अशनीर ग्रोवर के 40 दिन चलने वाले रियलिटी शो 'राइड एंड फॉल' में नजर आएंगे। इसी कारण



रिपोर्ट्स आने लगीं कि कृष्णा अभिषेक से बहस के बाद अब उन्होंने कपिल के शो से किनारा कर लिया है। लेकिन, अब इसके पीछे की असली वजह सामने आई है। कीकू शारदा ने तय किया है कि वह 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का सीजन पूरा करने के बाद ही अशनीर ग्रोवर के 'राइज एंड फॉल' का हिस्सा बनेंगे। कीकू शो नहीं छोड़ रहे है। आप उन्हें आने वाले एपिसोड्स में देखेंगे। उन्होंने अपना अगला प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले शो की शूटिंग पूरी कर ली है। कीकू द ग्रेट इंडियन कपिल शो का हिस्सा हैं।' कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक का सेट से एक वीडियो सामने आया था, जिसमें दोनों बहस कर रहे थे। जिसमें कीकू ने कहा, 'टाइमपास कर रहा हूं?' इस पर कृष्णा ने दुखी होते हुए कहा, 'तो फिर ठीक है आप कर लो। आप कर लो भाई कोई प्राब्लम नहीं है। मैं जाता हूं यहां से।' फिर कीकू बोले, 'बात ये है कि मुझे बुलाया है तो मैं अपना खत्म कर लूं पहले।'

# कर्तव्यनिष्ठ पुलिस ऑफिसर की कहानी है इंस्पेक्टर झेंडे



**मुंबई।** 70-80 के दशक में बिकिनी किलर के नाम से मशहूर कुख्यात अपराधी चार्ल्स शोभराज को तो हर कोई जानता है, पर उसे दो बार पकड़ने वाले मुंबई पुलिस के दिलेर इंस्पेक्टर मधुकर झेंडे के कारनामे कम ही लोगों को पता हैं। मनोज बाजपेयी की यह फिल्म 'इंस्पेक्टर झेंडे' हर हाल में अपनी ड्यूटी को आगे रखने वाले इसी कर्तव्यनिष्ठ पुलिस ऑफिसर की कहानी है। 80 के दशक में सेट इस कहानी की शुरुआत स्विम सूट किलर कार्ल भोजराज (जिम सर्भ) के दिल्ली के तिहाड़ जेल से फरार होने की खबर से होती है। यह खबर सुनते ही मुंबई में दूध की लाइन में खड़े इंस्पेक्टर मधुकर झेंडे (मनोज बाजपेयी) के कान खड़े हो जाते हैं। असल में, झेंडे 1971 में एक बार कार्ल को पकड़ चुके थे, लेकिन अब वह फरार हो गया। ऐसे में, कार्ल को दोबारा पकड़कर वह पुलिस के दामन पर लगा दाग मिटाना चाहते हैं। शहर के डीआईजी (सचिन खेडेकर) भी झेंडे पर भरोसा जताते हैं और उन्हें अपनी टीम के साथ कार्ल को दोबारा दबोचने के सीक्रेट मिशन पर लगा देते हैं। अब बेहद कम संसाधनों में कुल छह पुलिसवालों की छोटी सी टुकड़ी कार्ल भोजरात को पकड़ने निकलती है।

## मानवीय पहलुओं पर फोकस

मन में सवाल उठना लाजिमी है कि कार्ल जैसे कई देशों में मोस्ट वांटेड किलर को पकड़ना क्या इतना आसान है? चिन्मय डी मंडलेकर की लिखी और निर्देशित की इस फिल्म की खूबी यह है कि यह चोर-पुलिस वाली आम बॉलिवुडिया फिल्म की तरह नहीं है। यह अपने नायक को 'सिंघम' नहीं बनाती, बल्कि उसके मानवीय पहलुओं पर फोकस करती है। झेंडे वो पुलिसवाला नहीं है, जो एक घूंसे से छह गुंडों को चित कर देता है, बल्कि वो ऐसा हीरो है जो एक बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के भरोसे गोवा में कार्ल को खोजने निकल पड़ता है।

# द बंगाल फाइल्स सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि आईना है

**मुंबई।** मशहूर फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री की पॉलिटिकल थ्रिलर मूवी 'द बंगाल फाइल्स'शुक्रवार को भारत में सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह मूवी साल 1946 के बंगाल के उथल-पुथल भरे घटनाक्रमों को बयां करती है, जिसमें ग्रेट कलकत्ता किलिंग्स, डायरेक्ट एक्शन डे और नोआखाली दंगे शामिल हैं। इस मूवी को लेकर दर्शकों की तरफ से रिव्यूज भी सामने आने लगे हैं। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट जयसवाल ने 'द बंगाल फाइल्स' का रिव्यू लिखा, 'अब तक द बंगाल फाइल्स में सिमरत कौर का मोनोलॉग भूल नहीं पा रहा हूं। क्या जबरदस्त प्रदर्शन था, क्या बेहतरीन अदाकारा हैं वो। वाकई पुरस्कार के काबिल एक्टिंग।' एक यूजर ने फिल्म को हार्टब्रेकिंग बताया है तो दूसरे ने लिखा कि यह फिल्म आपको डराएगी और बेचैन कर देगी। एक यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'द बंगाल फाइल्स सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि आईना है। एक ऐसा आईना जो दिखाता है कि बंगाल के रक्तरंजित अतीत को संयोग से नहीं, बल्कि साजिश के तहत दफनाया गया। यह फिल्म आपको न सिर्फ जो हुआ उस पर, बल्कि उन लोगों पर भी गुस्सा दिलाती है जो अब भी झूठ का बचाव कर रहे हैं।' एक अन्य यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए इसे शानदार, गंभीर और हिलाकर रख देने वाली फिल्म बताया है। लोगों से फिल्म देखने की अपील करते हुए यूजर का कहना है कि इस फिल्म को सच्चाई जानने के लिए देखना चाहिए। कुछ लोगों ने फिल्म को दिल दहला देने वाला अनुभव बताया।



## नोआखली दंगों पर आधारित

एक यूजर ने कहा कि यह फिल्म डायरेक्ट एक्शन डे (1946) की भयावहता को अपनी तीव्रता, बेहतरीन कहानी और दिल दहला देने वाले दृश्यों के साथ जीवंत करने का साहस कराती है। लोगों ने फिल्म के निर्देशन और पल्लवी जोशी व नमाशी चक्रवर्ती के अभिनय की भी तारीफ की है। एक अन्य यूजर ने फिल्म को आंखे खोल देने वाला बताया और ऐसी कहानी को दिखाने के लिए निर्देशक विवेक अग्निहोत्री का भी शुक्रिया जताया। एक और यूजर ने भी फिल्म की तारीफ की है। वहीं कई दर्शकों ने फिल्म को एक जरूरी फिल्म बताया है और इसे देखने की अपील की है। विवेक अग्निहोत्री द्वारा लिखित और निर्देशित 'द बंगाल फाइल्स' 1946 के कलकत्ता हत्याओं और नोआखली दंगों पर आधारित है।

## 80 साल की उम्र में आज भी रूस में बैले डांसर्स और एक्टर्स को देती हैं सलाह

# रशियन एक्ट्रेस की खूबसूरती थी मेरा नाम जोकर का अट्रैक्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज कपूर की अद्भुत फिल्मों में से एक 'मेरा नाम जोकर' भारतीय सिनेमा की सबसे लंबी फिल्मों में से एक मानी जाती है। उससे पहले 'संगम' ब्लॉकबस्ट हो चुकी थी, ऐसे में राज कपूर की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार था। राज कपूर, सिमी गरेवाल की इसी फिल्म से एक्टर के बेटे ऋषि कपूर डेब्यू करने जा रहे थे। इसी फिल्म में नजर आईं रशियन एक्ट्रेस क्सेनिया रयाबिनकिना, जिनकी खूबसूरती इस फिल्म का खास अट्रैक्शन थी। 80 की उम्र की दहलीज पर पहुंच चुकीं रयाबिनकिना आज भी क्सेनिया रयाबिनकिना रूस में बैले डांसर्स और एक्टर्स को सलाह देती हैं। रयाबिनकिना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अपनी पर्सनल और प्रफेशनल लाइफ के किस्से भी शेयर करती हैं।क्सेनिया रयाबिनकिना का जन्म मॉस्को में हुआ था। उनका इस हिंदी फिल्म में आना भी किसी फिल्म के किस्से की तरह है। रयाबिनकिना की मां एक शानदार बैले डांसर थीं और पिता एक जियो-फिजिक्स डॉक्टर के घर हुआ था। बताया जाता है कि क्सेनिया रयाबिनकिना ने मॉस्को के बोल्शोई थिएटर में एक बैलेरीना (बैले डांसर) के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया था।



## रूसी सर्कस ट्रैपीज़ कलाकार के रूप में

हालांकि, भारत में उन्हें आज भी लोग मरीना के नाम से ही याद करते हैं। राज कपूर की क्लासिकल फिल्म 'मेरा नाम जोकर' (1970) में रूसी सर्कस ट्रैपीज़ कलाकार (सर्कस में ऊंचाई पर रस्सियों के झूले पर झूलने वाले कलाकर) के रूप में 25 साल की इस एक्ट्रेस ने लोगों के दिलों पर ऐसा जादू चलाया कि में वो उनकी यादों में आज भी बसी हैं।

## जब सर्कस खत्म होता है तो वो रूस वापस चली जाती है

इस फिल्म में राजू बने राज कपूर जब 'जैमिनी सर्कस' में काम करने पहुंचते हैं तो उनकी मुलाकात मरीना से होती है। मरीना अपने साथी कलाकारों से साथ रूस से सर्कस में काम करने भारत आती हैं। यहां स्टेज पर साथ काम करते करते राजू को मरीना से प्यार हो जाता है और मरीना भी राजू को पसंद करने लगती है। लेकिन, जब सर्कस खत्म होता है तो वो रूस वापस चली जाती है। इसके बाद राजू टूट जाता है।

## ऑडिशन की जगह दिखाया लाइव परफॉर्मेंस

क्सेनिया रयाबिनकिना मिलना तो चाहती थीं, लेकिन उन्हें मना करना पड़ा। क्योंकि, उसी रात उनकी खुद की भी एक परफॉर्मेंस थी। एक्ट्रेस ने फोन करने वाले शख्स से कहा कि क्या ऐसा हो सकता है कि वो राज कपूर को थिएटर ले आएं? इसी बहाने राज कपूर उनकी परफॉर्मेंस भी देख लेंगे। उन्होंने ऐसा ही किया। वो कुछ लोगों के साथ ऑडिटोरियम पहुंचे और उन्होंने रयाबिनकिना की परफॉर्मेंस देखी।

## पहली फिल्म मेरा नाम जोकर नहीं

हालांकि, कहते हैं कि वो फिल्मों में काम नहीं करना चाहती थीं। बताया जाता है कि इन्हें हिंदी बोलना नहीं आता था, लेकिन पहली फिल्म ज़ार साल्टन मिली। दोस्तों के कहने पर वो तैयार हो गईं, जिसमें उनका छोटा सा किरदार था। फिल्म में उन्हें लोगों ने पसंद भी किया। इसके बाद करीब तीन साल के बाद वो 'मेरा नाम जोकर' में नजर आईं। इस बीच वो बैले डांस में खुद को बिज़ी रखती थीं।

## राज कपूर को लेकर रूस में काफी क्रेज़ था

एक दिन उन्हें किसी ने फोन करके बताया कि मशहूर राज कपूर इस वक्त मॉस्को में ही हैं और वो एक बड़ी फिल्म बना रहे हैं । उन्हें बताया गया कि राज कपूर अपनी फिल्म के किरदार के लिए रशियन लड़की की तलाश कर रहे हैं। उन दिनों राज कपूर को लेकर रूस में काफी क्रेज़ था।

## सर्कस में काम करने वाली लड़की ही चाहिए थी

क्सेनिया रयाबिनकिना ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब उन्हें ये बताया गया था कि राज कपूर मॉस्को में हैं और उनसे जल्द वो मिलना चाहते हैं क्योंकि उन्हें भारत वापस भी लौटना है। रयाबिनकिना से मिलने से पहले राज कपूर कुछ और रूसी लड़कियों से भी मिल चुके थे और खासकर वो सर्कस की कलाकारों से मिले थे। क्योंकि, उन्हें अपनी फिल्म में मरीना के किरदार के लिए सर्कस में काम करने वाली लड़की ही चाहिए थी।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को : सीजेएम

**जींद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने बताया कि जिला में आगामी 13 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में आपराधिक संधीय एनआई एक्ट धारा 138, धन वसूली, एमएसीटी मामले, श्रम विवाद भूमि अधिग्रहण, रिपोर्ट जैसे मामलों का निपटारा आपसी सुलह सफाई के आधार पर किया जाएगा।

### उचाना नपा परिसर में किया पौधरोपण

**उचाना।** स्वच्छ भारत मिशन-2 के तहत नगर पालिका परिसर में लाला लाजपत राय पार्क में पौधरोपण किया गया। नपा सचिव अशोक डांगी ने पौधरोपण करने के बाद नपा स्टॉफ एवं आमजन को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। अधिक से अधिक पौधरोपण का संकल्प दिलाते हुए सचिव ने कहा कि हमें संकल्प लेना चाहिए कि हमारे परिवार में कोई भी खुशी हो तो हम पौधरोपण अवश्य करें।

### भूखंड खरीद से पहले करें पूरी जांच : डीटीपी

**जींद।** जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि शहरी क्षेत्र जींद में कुछ अनधिकृत कालोनियों का विकास किया जा रहा है। इन कालोनियों का निर्माण बिना विभाग से आवश्यक लाइसेंस, सीएलयू एवं एनओसी प्राप्त किए किया जा रहा है। जो नियमानुसार पूरी तरह से अवैध है। बताया कि इस कार्यालय द्वारा दोषियों के विरुद्ध विधि अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही।

### यूरिया खाद के स्टॉक मे हेराफेरी, मामला दर्ज

**जींद।** यूरिया खाद की कालाबाजारी को लेकर कृषि विभाग की टीम ने नरवाना में खाद गोदाम पर छापेमारी की। जांच के दौरान स्टॉक रिकार्ड में हेराफेरी पाई गई। कृषि विभाग के एसडीओ की शिकायत पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने गोदाम मालिक के खिलाफ धोखाधड़ी आवश्यक वस्तु कालाबाजारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### कुम्हार समाज की बैठक सात को

**जींद।** बुढ़ाबाबा बस्ति भिवानी रोड मंदिर की धर्मशाला में कुम्हार संगठन हरियाणा सभा तत्वाधान में कुम्हार समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कुम्हार समाज को शिक्षित, विकसित व हर प्रकार से जागरूक करने के लिए सात सितंबर रविवार को फिर से बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता वेदप्रकाश व जयप्रकाश करेंगे। जबकि मुख्यअतिथि खेमचंद रहेंगे।

### कांग्रेस कार्यालय को बनाया जाएगा सुदृढ़

**जींद।** पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि आज से 30-35 साल पहले कांग्रेस की पहल थी कि जब हर जिला में कार्यालय बनाने का निर्णय लिया गया। यहां 11 साल तक कांग्रेस का संगठन नही था तो कोई संभाल नही पाया। दोबारे से कांग्रेस कार्यालय बनाने का काम करेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष से बात कर नया भवन बनवाने का काम करेंगे। हम दस हजार साधारण ऐसे कार्यकर्ता बनाएंगे, उनसे सौ-सौ रुपये का योगदान लेंगे।

### गौरव पब्लिक स्कूल में निधि बनी प्रधानाचार्या

**राजौंद।** गौरव पब्लिक स्कूल रोहेड़ा में शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने अपने पसंदीदा शिक्षकों के रूप में कक्षाएं लीं। यह अनुभव छात्रों के लिए बेहद मजेदार और शिक्षाप्रद रहा। उन्होंने न केवल शिक्षकों के कार्यों को समझा,बल्कि उनके प्रति सम्मान भी व्यक्त किया।

### छुआछूत एक अभिशाप विषय पर हुई प्रतियोगिता

**कैथल।** जिला कल्याण विभाग द्वारा शुक्रवार को सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाडला तथा ज्ञानदीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाडला में छुआछूत एक अभिशाप पर एक डिबेट एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें निबंध प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सुनैना व दीपक ने प्रथम स्थान पर रही।

### जींद में पत्रकारों से बातचीत में बोले पूर्व सीएम हुड्डा

# बाढ़ राहत के लिए किए जा रहे कार्य अपर्याप्त, सक्रियता बढ़ाए सरकार

## बाढ़ से नुकसान की गिरदावरी करवाकर सरकार जल्द दे मुआवजा : हुड्डा

**ना सरकार ने समय रहते नहरों की सफाई करवाई और ना ही सीवरेज की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते भूपेंद्र हुड्डा। फोटो :हरिभूमि

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि प्रदेश की बीजेपी सरकार द्वारा बाढ़ नियतंत्रण और राहत के लिए किए जा रहे कार्य अपर्याप्त हैं। लोगों की परेशानी और जान-माल के ख़तरे की गंभीरता को समझते हुए उसे अपनी सक्रियता बढ़ानी चाहिए। आज लगभग पूरा हरियाणा बाढ़ और जलभराव की चपेट में आ चुका है। गांव, खेत, गलियां, सड़कें, हाइवे और शहर सब जलमग्न हो गए हैं। तमाम प्रभावित लोग सरकारी मदद के लिए गुहार लगा रहे हैं। सरकार को तुरंत विशेष गिरदावरी की प्रक्रिया शुरू करके, फसलों को हुए नुकसान का 100 प्रतिशत मुआवजा देना चाहिए। साथ ही मकानों व दुकानों को हुए नुकसान का मुआयना करके जल्द मुआवजे का ऐलान करना चाहिए। हुड्डा शुक्रवार को जींद में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ सोनीपत सांसद सतपाल महाराज, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर, पवन गर्ग, दीपक पिंडारा, दिनेश डाहौला, सतपाल सत्तू सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। बताया कि वो पूरे हरियाणा से जानकारी एकत्र कर रहे हैं। आधे से ज्यादा जिले बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं और आने वाले दिनों में बारिश की संभावना के चलते हालात और बिगडऩे की आशंका है। इसलिए सरकार को जल निकासी और बाढ़ प्रभावित इलाकों में सहायता पहुंचाने के लिए पूरी मुस्तैदी दिखानी चाहिए। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बाढ़ के लिए सिर्फ प्रकृति नही बल्कि बीजेपी सरकार के घोटाले और निष्क्रियता भी दोषी है। क्योंकि लगातार इस सरकार द्वारा अमृत योजना, साफ.-सफाई और सीवरेज व्यवस्था के मामलों में घोटाले किए जाते रहे। कैग की रिपोर्ट में भी कई अनियमितताओं के खुलासे हुए हैं। यही वजह है कि अब तमाम गांव से लेकर शहर तक, जल भराव व बाढ़ का सामना कर रहे हैं। क्योंकि ना सरकार ने समय रहते नहरों की सफाई करवाई और ना ही सीवरेज की। चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी में कोर्सिज बंद होने के सवाल पर हुड्डा ने कहा कि आज प्रदेश के विश्वविद्यालयों में स्टाफ की 52 प्रतिशत सीटें खाली पड़ी हैं। यही वजह है कि प्रदेश के विश्वविद्यालय लगातार पिछड़ते जा रहे हैं। यह लगातार छठा साल है। जब हरियाणा की कोई भी यूनिवर्सिटी देश की टॉप 100 में जगह नहीं बना पाई है।

**प्रदेश में अपराध चरम पर**

कांग्रेस सरकार ने चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी का निर्माण जींद व आसपास के जिलों में शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाने के लिए किया था लेकिन अब बीजेपी सरकार लगातार स्कूलों और कॉलेज, यूनिवर्सिटीज के कोर्सिज पर ताले लगा रही है। कानून व्यवस्था के सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अपराध चरम पर है। ऐसा लगता है कि हरियाणा में सरकार नाम की चीज ही नहीं है। बढ़ते अपराध के चलते प्रदेस में कोई नया निवेश नहीं आ रहा। निवेश नहीं होने के चलते हरियाणा बेरोजगारी में नंबर वन हो गया है। बेलगाम अपराध और बेरोजगारीए बीजेपी सरकार की बड़ी नाकामी साबित हो रही है।

# शिक्षक समाज के वास्तविक शिल्पकार

- किठाना पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

किठाना पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और गरिमामयी वातावरण में मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में सुबह से ही उल्लास का माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों ने इस विशेष अवसर के लिए कई दिनों से पूरी तैयारी कर रखी थी और शिक्षकों के सम्मान में विविध गतिविधियां आयोजित की। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्ज्वलित से हुई। इसके बाद बच्चों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन और योगदान पर आधारित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी,वाद-विवाद, भाषण और समूह गतिविधियों के माध्यम से यह दर्शाया कि शिक्षक ही जीवन की सच्ची प्रेरणा और मार्गदर्शक होते हैं। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमन ने इस अवसर पर सभी शिक्षकों को भगवद गीता भेंट की। कहा कि भगवद गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन का मार्गदर्शक है। जिस प्रकार गीता हमें कठिनाइयों में सही निर्णय लेने की शिक्षा देती है, उसी प्रकार शिक्षक भी विद्यार्थियों को सही दिशा दिखाकर उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करते है।



सीवन। गांव डोहर में पौधा रोपण करते अभिषेक मेहता व अन्य। फोटो :हरिभूमि

## पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**सीवन।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला डोहर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समाजसेवी अभिषेक मेहता की ओर से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय प्रांगण में फलदार पौधे लगाए गए। साथ ही अध्यापकों को पौधे भी वितरित किए गए ताकि वे अपने घरों या आसपास के सार्वजनिक स्थलों पर भी पौधारोपण कर सकें। विद्यालय के मुखिया यशपाल ने बताया कि पौधारोपण समय की आवश्यकता है। हम सभी को अपनी सामर्थ के अनुसार पौधारोपण करना चाहिए। अपने घरों में या सार्वजनिक स्थानों पर पौधा लगाकर हम पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकते हैं। लेकिन केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, हमें उनका संरक्षण भी करना चाहिए। सत्यवान, सोहनलाल, रमा, तृप्ता यादव आदि मौजूद रहे।

### जीएसटी से अर्थव्यवस्था को मजबूती : रामप्रताप

**कैथल।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रामप्रताप गुप्ता ने केंद्र सरकार द्वारा आयोजित जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में लिए गए ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते कहा कि यह फैसला जनता को महंगाई से राहत और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। नई व्यवस्था में अब केवल दो मुख्य कर स्लैब– 5% और 18% लागू होंगे। रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं कुछ तोह टैक्स मुक्त वही कुछ पर 5% जीएसटी रहेगा जबकि कार और घरेलू उपकरण जैसी महंगी वस्तुओं पर टैक्स 28% से घटाकर 18% कर दिया गया है। यह कदम सीधे तौर पर उपभोक्ताओं को लाभ देगा और उनकी क्रय शक्ति को बढ़ाएगा। रामप्रताप गुप्ता ने कहा कि जीएसटी सुधार से व्यापारियों और उद्योग जगत को भी फायदा होगा। सरल कर संरचना, तेज रिफंड प्रक्रिया और डिजिटल टेक्नोलॉजी आधारित सुविधाएँ कारोबार को सुचारू बनाएंगी। एमएसएमई व मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को नई ऊर्जा मिलेगी, 'मेक इन इंडिया' अभियान को बल मिलेगा।

**चिकित्सक टीबी मरीजों को लें गोद : डा. जेके मान**

**जींद।** नागरिक अस्पताल के जिला प्रशिक्षण केंद्र में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली द्वारा पांच रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण किट दी। वहीं सीनियर डेंटल सर्जन डा. पूनम लोहान ने एक टीबी मरीज को गोद लेकर पोषण सहायता प्रदान की। जिससे मरीज उचित इलाज के साथ साथ आवश्यक पोषण आहार लेकर जल्द से जल्द ठीक हो सके। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. जेके मान ने कहा कि चिकित्सकों को टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, एनजीओ, संस्थानों, अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजन का आह्वान करते हुए उनसे अपील कि वह टीबी के इलाज पर चल रहे मरीजों को गोद ले तथा जन भागीदारी में अपना ज्यादा से ज्यादा सहयोग करें। इस अवसर पर कोमल देशवाल भी मौजूद रही। डा. जेके मान ने कहा कि जिले में टीबी के लगभग 2200 मरीज हैं। इनमें से स्वास्थ्य विभाग ने अपने स्तर पर प्रयास कर लगभग 1200 से अधिक मरीजों को विभिन्न संस्थाओं को गोद दिलवाया है।



जींद। टीबी मरीजों को गोद लेते हुए सीएमओ। फोटो :हरिभूमि



उचाना। भौंगरा गांव में शिक्षकों को सम्मानित करते विद्यार्थी।

**शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को किया सम्मानित**

**उचाना।** राजकीय वमावि भौंगरा में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रों की ओर से किया गया। प्रिंसिपल प्रवेश खापड़ा ने विद्यार्थियों को इस पवित्र दिन की गरिमा बनाए रखने के लिए अनेकों उदाहरण सहित शुभकामनाएं प्रस्तुत की। विद्यार्थियों द्वारा गुरु की महिमा पर अनेकों कविताएं व शायरी प्रस्तुत की। राज्य शिक्षक अवॉर्डी मा. रामप्रसाद ने इस दिन के महत्व के बारे में शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों पक्षों को अपनी मर्यादा में जिम्मेवारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। नरेश कुमार, नवीन कुमार, गुलशन कुमार, उषा गुप्ता, सुनीता, अनीता, प्रदीप, जगदीप, संजय, रेखा, संगीता, इंदिरा मौजूद रही। उचाना कलां के एसजीएनएसडी कॉलेज ऑफ एज्युकेशन एवं डीएड कॉलेज में शिक्षक दिवस मनाया गया। प्रिंसिपल धर्मबीर श्योकंद ने कहा कि शिक्षक की भूमिका जीवन में बहुत बड़ी होती है। शिक्षक का हमेशा सम्मान करना चाहिए।

**चाणक्य नीतियों से अवगत करवाया**

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में संगीत गायन विभाग द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष में संगीत विभाग की द्वितीय व तृतीय वर्ष की छात्राओं को चाणक्य नीतियों व शिक्षक के प्रति कुमार विश्वास के प्रेरणाप्रद विचारों को दिखाया गया। अपने अनुभव से सीख कर और अच्छे शिक्षक के मार्गदर्शन से शिष्य निश्चित ही अपने उद्देश्य को प्राप्त करता है। कुछ ऐसे विचारों से भरपूर यह व्याख्यान छात्राओं के जीवन में सही दिशा देने के लिए कारगर होगा। व्याख्यान के अंत में विभागध्यक्षा डा. क्यूटी ने छात्राओं को सकारात्मक सोच के साथ वर्तमान परिस्थितियों के चलते कैसे सामंजस्य स्थापित किया जाए के बारे में छात्राओं को बताया। विभाग से प्रवीन ने भी छात्राओं को अपने जीवन में निरंतरता व समय के महत्व को बताते अपने विचार दिए।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि



जींद। अध्यापकों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**सुप्रीम स्कूल में अध्यापक दिवस मनाया**

**जींद।** एकता नगर स्थित सुप्रीम स्कूल में शुक्रवार को अध्यापक दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने अपने शिक्षकों को पुष्पगुच्छ और उपहार देकर सम्मानित किया। छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि वे उनके जीवन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा कि शिक्षक छात्रों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षकों को उनके समर्पण और निष्ठा के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के छात्रों और शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षकों और छात्रों ने भाग लिया। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा. डीपी जैन, उपाध्यक्ष बलवान कौशिक और निदेशक शरद अत्री ने इस कार्यक्रम की सराहना की और बच्चों को अध्यापक दिवस की बधाई दी।



नरवाना। पूजन करते हुए संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## रामलीला को लेकर भूमि पूजन

**नरवाना।** श्री रामा भारतीय कला केंद्र द्वारा इस बार भी पुरानी अनाज मंडी स्थित रामलीला ग्राऊंड में भगवान राम की लीला का मंचन किया जाएगा। मंचन को शुरु किए जाने से पहले ग्राऊंड में प. मेहर चंद पुजारी द्वारा विधि विधान से भूमि पूजन करवाया गया। उसके बाद कलाकार मंजीत गौरा द्वारा नारियल फोड़ा के साथ ही झंडे की रस्म प्रेम अरोड़ा द्वारा अदा की गई। प्रधान भारत भूषण गर्ग ने कहा कि कला केंद्र द्वारा पिछले 12 साल से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। आज से दो साल पहले तक यह रामलीला हुडा ग्राऊंड में हुआ करती थी लेकिन किन्हीं कारणों की वजह से पुरानी अनाज मंडी में मंचन किया जाने लगा है और इस बार भी यहीं पर होगा। पुराने समय की बात की जाए तो पहले मंडी वाली रामलीला के नाम से यह जगह काफी मशहूर थी। जिसको फिर से जिंदा रखा जा रहा है। मंचन की शुरुआत को लेकर उन्होंने बताया कि 20 सितंबर से मंचन की शुरुआत की जाएगी। अबकी बार खास बात यह रहेगी कि पहली बार पहले ही दिन देशभक्ति पर एक श्याम शहीदों के नाम कार्यक्रम होगा।

# शिक्षक दिवस पर किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



शिक्षक दिवस पर हवन में आहुति डालते जाट संस्था के पदाधिकारी तथा स्टाफ सदस्य।

जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल और जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कैथल में शिक्षक दिवस के अवसर पर हवन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन ज्ञान और आध्यात्मिकता का अद्वितीय संगम था, जिसमें जाट हाई स्कूल सोसाइटी के पदाधिकारी, कार्यकारी सदस्य, प्राचार्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित यह हवन समारोह ज्ञान, संस्कृति और अध्यात्म का अद्भुत संगम है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का योगदान स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा, जो सदैव अमिट रहेगा। जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मिस्टर पंकज गुप्ता ने हवन समारोह के महत्व पर प्रकाश डालते कहा, /"हवन समारोह से वातावरण शुद्ध होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जो हमारे जीवन को नई दिशा और ऊंचाइयों की ओर ले जाता है।/" हवन समारोह में सभी स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी शामिल और आहूति डाली। प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप- प्रधान बलजिंदर बनवाला, कोषाध्यक्ष रश्मि ढुल एडवोकेट, खजांची बलकार नैन कार्यकारी सदस्य डॉ. सत्यवान माजरा, महावीर राविश, दलवीर आदि मौजूद रहे।



जींद। मामलों का निपटान करते सीजेएम। फोटो :हरिभूमि

## लोक अदालत का आयोजन

**जींद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम मोनिका ने बताया कि जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में तीन मामले विचाराधीन रखे गए। जिसमें से एक मुकद्में का मौके पर ही निपटान किया गया तथा बंदी पर अन्य कोई मुकद्मा न हो तो रिहा करने के आदेश पारित किए गए। सीजेएम मोनिका ने जेल में रह रहे बंदियों से बातचीत कर उन्हें मुक्त कानूनी सेवाओं में अपील के अधिकार से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान कैदियों से उनके केशों में आ रही मुश्किलों को सुना व समस्याओं के समाधान संबंधी जानकारी दी। सीजेएम ने जेल बंद में बंद कैदियों से अपील करते कहा कि यदि किसी व्यक्ति को अपने केस की पैरवी करने के लिए वकील की जरूरत है तो वह निशुल्क कानूनी सेवा के लिए प्राधिकरण के वकील की सेवा ले सकता है। इस संबंध में लिखित दरखास्त जेल प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद के कार्यालय में भेजी जा सकती है। सीजेएम मोनिका ने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि महिला बंदियों की समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, कानूनी सलाह रहन-सहन, खाने पीने से संबंधित निरीक्षण किया जाए।

## पोर्टल पर एक्शन टेकन रिपोर्ट पूरी तरह से भरी जाए: एडीसी

# शिकायतों का त्वरित निपटान सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। शिकायतें सुनते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

लघु सचिवालय स्थित सभागार में शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर समाधान शिविर, जन संवाद तथा सीएम विंडो के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि पोर्टल पर एक्शन टेकन रिपोर्ट पूरी तरह से भरी जाए और संबंधित फोटो सहित समय पर अपलोड की जाए। इससे पूर्व चंडीगढ़ मुख्यालय से वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लंबित मामलों की समीक्षा की गई है। उन शिकायतों को विशेष रूप से चिह्नित किया गया है जिन पर त्वरित व गंभीर कार्रवाई की आवश्यकता है। इस संबंध में सभी उपायुक्तों को लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए गए हैं। एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि विकास एवं पंचायत, राजस्व, नगर परिषद तथा पुलिस विभाग में अपेक्षाकृत अधिक शिकायतें लंबित हैं। इसलिए इन विभागों को प्राथमिकता के आधार पर निपटान करना होगा। उन्होंने कहा कि यदि शिकायतों का समाधान समय पर नहीं किया गया तो संबंधित विभाग स्वयं इसके लिए जवाबदेह होंगे। उन्होंने कहा कि शिकायतों को निपटाने में तेजी और गंभीरता दोनों आवश्यक हैं। यदि किसी मामले में स्वाभाविक रूप से अधिक समय लगना है तो शिकायतकर्ता को स्पष्ट कारण बताकर संतुष्ट किया जाए ताकि मामले को बार-बार रिओपन न करना पड़े। साथ ही पोर्टल पर एटीआर अपडेट करते समय देरी के कारणों का उल्लेख करें और स्पष्ट एटीआर भरें।

**ये रहे मौजूद**

एडीसी ने जानकारी दी कि अब तक समाधान प्रकोष्ठ पर कुल 9720 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें से 8420 मामलों का निपटारा किया जा चुका है। जबकि शेष शिकायतों पर कार्रवाई प्रक्रिया में है और जल्द ही उनका निस्तारण कर दिया जाएगा। बैठक में डीएमसी सुरेंद्र सिंह, सीटीएम मोनिका, डीआरओ राजकुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



जींद। पम्पलेट चस्पा करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

## मच्छरजनित बीमारियों को लेकर जागरूक किया

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव जुलानी में स्वास्थ्यकर्मी पवन श्योकंद, सुशील शर्मा, जयवीर, पवन , बिमला व आशा वर्कर द्वारा रैपिड फीवर मास सर्वे किया। टीम ने रैपिड फीवर मास सर्वे के दौरान बुखार पीड़ित की रक्त पट्टिका बनाई गई और घरों के टंकी, कूलर, होदी, ड्रम, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे, छतों पर पड़े कबाड़ आदि में लार्वा की जांच की गई व मलेरिया से बचाव बारे पंपलेट भी बांटे गए।

**सूचना**

मैं, सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी 548, बुडा बाबा बस्ती, सेक्टर-30, जींद, तहसील व जिला जींद बयान करता हूं कि मेरा पुत्र प्रदीप और उसकी पत्नी रिनु मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### राजकीय माध्यमिक विद्यालय में मनाया शिक्षक दिवस

**जींद।** शिक्षक दिवस के अवसर पर राजकीय माध्यमिक विद्यालय बरसाना में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने भाषण, कविता प्रतियोगिता से सभी का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा रंगोली, ड्राइंग पेंटिंग बनाई गई जिसमें बच्चों ने अध्यापक की मेहता का वर्णन करते हुए कहा की गुरु के बिना कुछ नहीं है।

### किसानों ने धरने पर मनाया शिक्षक दिवस

**उचाना।** उचाना उपमंडल कार्यालय परिसर में चल रहे अनिश्चित कालीन संयुक्त किसान-मजदूर मोर्चा उचाना के धरना स्थल पर शिक्षक दिवस मनाया गया। कसूहन गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रिंसिपल सविता रानी को बेस्ट प्रिंसिपल के अॅवार्ड से सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि निरंतर स्कूल में शिक्षा का स्तर बढ़ाने के साथ-साथ उनके द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने को लेकर किए गए कार्यों के चलते उनको धरना स्थल पर सम्मानित करने का फैसला लिया।

### डीएन मॉडल स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल में भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या राज रेढू ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की।

### पंजाबी भाषा प्रशिक्षण का हुआ सफल समापन

**कैथल।** शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कैथल में चल रहे पांच दिवसीय पंजाबी भाषा अध्यापक प्रशिक्षण पर आधारित शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन जिला शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी की कुशल मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन शिक्षकों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली और विषयक दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें शिक्षकों को बताया गया कि किस प्रकार शिक्षा में बहुविषयक दृष्टिकोण अपनाकर बच्चों में समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सकता है।

### भाविप ने किया शिक्षकों को सम्मानित

**कैथल।** भारत विकास परिषद शाखा क्योड़क ने क्योड़क के राजकीय स्कूल में अध्यापक दिवस मनाया। परिषद ने विद्यालय में कार्यरत सभी 52 शिक्षकों तथा गांव के सभी 9 सेवानिवृत्त शिक्षकों को विशेष रूप से सम्मानित किया। परिषद का मानना है कि शिक्षक समाज निर्माण की धुरी हैं और उनके योगदान को नमन किए बिना शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य अधूरा है। कार्यक्रम का संचालन परिषद के जिला समन्वयक कृष्ण कुमार कौशिक ने किया। परिषद अध्यक्ष सुरेश शर्मा सेवानिवृत्त लेक्चरर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी दोनों ही समाज की प्रगति के मूल स्तंभ हैं। शिक्षक जीवन को दिशा देने वाले प्रकाश स्तंभ होते हैं और विद्यार्थी उस रोशनी से अपने भविष्य को उजागर करते हैं।

इंडस पब्लिक स्कूल, कैथल में शिक्षक दिवस उत्साह पूर्वक सम्पन्न

# शिक्षक ही राष्ट्र के सच्चे निर्माता: अभिषेक सहारण

## विद्यार्थियों ने बनाए सुंदर कार्ड, प्राचार्या एवं शिक्षकों को भेंट किए

- कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक हवन यज्ञ के साथ किया गया
- शिक्षकों के प्रति गहन आभार और सम्मान प्रकट करने का अनुपम अवसर बना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

इंडस पब्लिक स्कूल, कैथल में शिक्षक दिवस बड़े हर्ष, उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। दिन की शुरुआत सामूहिक हवन यज्ञ से की जिसकी पवित्र मंत्रध्वनियों ने वातावरण को आध्यात्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी अपने द्वारा बनाए गए सुंदर कार्ड प्राचार्या एवं शिक्षकों को भेंट किए और अपनी हार्दिककृतज्ञता एवं सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम की शोभा प्राचार्या तनु पुनिया एवं डायरेक्टर अभिषेक सहारण की गरिमामयी उपस्थिति से ओर बढ़ गई। उन्होंने शिक्षकों के अथक प्रयासों और योगदान की सराहना करते हुए उन्हें उपहार भेंट किए। समारोह के उपरांत शिक्षकों के लिए विशेष मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था की गई जिसने आपसी आत्मीयता और सौहार्द को और गहरा कर दिया।

यह आयोजन शिक्षकों के प्रति गहन आभार और सम्मान प्रकट करने का अनुपम अवसर बना। वास्तव में शिक्षक ही राष्ट्र के सच्चे निर्माता हैं जो अपने ज्ञान और मार्गदर्शन से भविष्य की दिशा और दशा निर्धारित करते हैं। अंत में शिक्षक दिवस की शुभकामनाओं एवं बधाई के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।


**कैथल।** प्राचार्या को कार्ड भेंट करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### रसीना में यज्ञ के साथ मनाया गया अध्यापक दिवस

पूंडरी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विधालय रसीना में 5 सितम्बर को अध्यापक दिवस संसार के सर्वोत्तम कार्य यज्ञ के साथ मनाया गया। यज्ञ में मुख्य यजमान का दायित्व कार्यवाहक विधालय प्रभारी राजेश कुमार एंव यज पुरोहित का दायित्व विरेंदर कुमार के द्वारा निर्वहन किया गया। सभी शिक्षको एंव छात्र छात्राओ ने यज में विश्व कल्याण एंव शांति के लिए आहुति डाली। सभी अध्यापकों द्वारा बच्चो को जीवन में शिक्षा एंव शिक्षको के महत्व के बारे में बताया गया। विभिन्न छात्र-छात्राओ द्वारा पूरा दिन विभिन्न अध्यापको का दायित्व निभाया गया। अंत में सभी छात्र छात्राओ द्वारा अपने आज के अध्यापक बनने के अनुभव मंच से सांझा किए गए।

### आरकेएसडी स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया


**कैथल।** शिक्षक दिवस के दौरान आरकेएसडी के स्टाफ सदस्य।

**कैथल।** आर. के. एस. डी. पब्लिक स्कूल में आज शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां दी। नन्हें-मुन्हें बच्चों के साथ- साथ 11वीं 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के प्रति अपने प्रेम व आदर को गीतों व भावों से अभिव्यक्ति दी। छात्रों द्वारा शिक्षकों को अलग-अलग उपाधि व टैग से भी सुशोभित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की विद्यार्थी- परिषद के द्वारा किया गया जिसे पूरी तत्परता व उत्कृष्टता से निभाया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या निवेदिता भट्ट ने सभी शिक्षकों को शिक्षक- दिवस की बधाई दी और देश के निर्माण में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

### लायंस क्लब कैथल आइकोनिक ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को किया सम्मानित

**गुहला चीका।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में लायंस क्लब कैथल आइकोनिक द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय, उरलाना में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन गुलशन ने सभी शिक्षकों को इस विशेष दिन की शुभकामनाएं दीं और कहा, अध्यापक उस दीपक के समान होता है जो स्वयं जलकर दूसरों को मार्ग दिखाता है। ग्राम प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल रहे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में रोहन यादव, रोहताश कुमार, नायब सिंह (सदस्य, खंड समिति), गांव खरकां के सरपंच जोनी ग्रोवर, थेह खरक के सरपंच मनप्रीत सिंह, उरलाना के सरपंच प्रतिनिधि कुलबीर सिंह, विद्यालय प्रमुख विनोद कुमार, देसराज बक्शी, हरजीत सिंह, पूर्ण चंद, कानूनगो रणजीत सिंह, मनदीप कौर, दलेर सिंह, रुपिंदर कौर, सुमित कुमार, सुदामा, जसबीर सिंह, और कुलजीत कौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों को सम्मान पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।


**गुहला चीका।** विद्यालय के शिक्षकों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित करते हुए।

### आरकेएसडी महाविद्यालय में 24 प्राध्यापकों-अध्यापक सम्मानित

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय में पूर्व राष्ट्रपति एवं शिक्षाविद्ध सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को अध्यापक दिवस के रूप में बहुत ही धुमधाम से मनाया गया। इसका शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ मुख्यातिथि एवं प्रधान आरवीएस एवं प्रबंधक समिति अश्वनी शोरेवाला ने किया। प्राचार्य डॉ राजबीर पारासर ने विश्वास दिलाया कि प्राध्यापक वर्ग शिक्षण संस्थान को नयी बुंलदियों पर लेकर जाएगा। इस अवसर पर श्याम बंसल उपप्रधान आरवीएस, महासचिव आरवीएस एवं प्रबंधक समिति पंकज बंसल, सुनील चौधरी कोषाध्यक्ष प्रबंधक समिति, पूर्व प्रधान साकेत मंगल एडवोकेट, पूर्व उपप्रधान नरेश शोरेवाला, डायरेक्टर फार्मेसी नवनीत गोयल, प्रधान बीएड महाविद्यालय जगदीश चन्द्र गोयल, प्रधान स्कूल प्रशासन सरल शांत मंगल, प्राचार्य प्रभारी हरिन्द्र गुप्ता, प्राचार्य डॉ दीपक सैनी, डॉ रश्मि मनचन्दा, प्राचार्य निवेदिता भट्ट एवं प्रवीण जैन, धर्मवीर कैमिस्ट, वीरभान जैन, गौरव मंगला, शशि वालिया, राजेश गर्ग एवं सम्मानित अन्य शहरी भी उपस्थित रहे। इसके बाद पांच सांस्कृतिक गतिविधियों में गुरु महिमा एवं उसके सम्मान को दर्शाया गया। सभी शिक्षा संस्थाओं के कुल 24 प्राध्यापकों-अध्यापकों को चांदी के सिक्के के साथ सम्मानित किया गया।


**कैथल।** प्राध्यापकों-अध्यापकों को सम्मानित करते पदाधिकारी।


**नरवाना।** शिक्षक दिवस मनाते हुए।

### डीएवी नरवाना में हर्षोल्लास से मनाया शिक्षक दिवस

**नरवाना।** डीएवी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों की व विद्यार्थियों ने शिक्षकों की भूमिका निभाकर शिक्षक दिवस को यादगार दिवस बनाया। मंच संचालन की भूमिका कल्पना महाजन ने निभाई। विद्यालय के प्राचार्य गजेंद्र कुमार शर्मा ने ने शिक्षक दिवस के बारे में बताया कि किसी भी देश का उज्ज्वल भविष्य वहां के शिक्षकों के हाथ में होता है, जो युवाओं को सही दिशा में बढने के लिए प्रेरित करते हैं और देश के आर्थिक, सामाजिक व नैतिक विकास को बढ़ावा देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि देश के पहले उपराष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक मशहूर दार्शनिक व शिक्षाविद् थे जो शिक्षा के पक्षधर थे। उनका मानना था कि शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन से ठुसे बल्कि वास्तविक शिक्षक तो वह है जो उसे आने वाली कल की चुनौतियों के लिए तैयार करें। भारतीय संस्कृति का देश, विदेश में प्रचार एवं प्रसार करने में अपना विशेष योगदान दिया। जिन्हें आज भी मान-सम्मान के सूचक के रूप में याद किया जा रहा है।

## डीएवी में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया

- शिक्षा ही विकास की धूरी है, समाज शिक्षित होगा तभी देश तरक्की करेगा : सतपाल जांबा

हरिभूमि न्यूज ⏩ पूंडरी

डीएवी पब्लिक स्कूल पूण्डरी में शिक्षक दिवस एवं सर्वपल्ली डा. राधाकष्णन जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में पूंडरी के विद्यायक सतपाल जांबा शामिल हुए। विशेष अतिथि के रूप में स्कूल के मैनेजर सुभाष तंवर, गांव जांबा के सरपंच लाभ सिंह, नगरपालिका के पूर्व प्रधान रामप्रकाश गोगी, नगरपालिका के पूर्व प्रधान भूप सिंह सैनी, पूर्व एमसी रघुबीर सैनी, समाज सेवी जगदीश क्वात्रा, समाजसेविका निधि मोहन, डा. बलविंद्र, पीए अरूण, मोहन, सन्नी, समाजसेवी बलबीर, श सीमा मैहला व रमेश मैहला शामिल हुए। स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी एवं स्टाफ सदस्यों ने मुख्यातिथियों का स्वागत किया। सर्वप्रथम मुख्यातिथियों ने हवन-यज्ञ में अपनी आहुतियां अर्पित की। तत्पश्चात स्कूल प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा इस मौके पर पंजाबी नृत्य, पंजाबी गिद्धा, हरियाणवीं नृत्य की बड़े ही सुंदर ढंग से प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी ने इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। बच्चों द्वारा देश के महान शिक्षाविद्ध और प्रथम उप-राष्ट्रपति एवं दूसरी राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला।


**पूंडरी।** विधायक सतपाल जांम्बा को स्मृति चिन्ह देते स्कूल के प्राचार्य।



**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

### शिक्षा वह साधन है, जिसके माध्यम से मनुष्य नई क्षमताएं अर्जित करता है : सत्यवान मलिक

**जींद।** राजकीय पीजी कालेज में शुक्रवार को मनोविज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा वह साधन है, जिसके माध्यम से मनुष्य नई क्षमताएं अर्जित करता है और अपनी मौलिक योग्यताओं को निखारता है। हमारे माता-पिता, भाई, बहन, सामाजिक परिवेश और पूरी प्रकृति कभी सिखाकर, कभी चुनौतियां देकर हमें शिक्षित करती है लेकिन एक शिक्षक सिखाने से भी बढ़कर अपने निष्पक्ष और गहन मूल्यांकन से विद्यार्थी की असली क्षमता पहचानता है और उसे सही दिशा में मार्गदर्शन देता है। इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग ने विद्यार्थियों के लिए आइस ब्रेकर नामक एक मनोवैज्ञानिक खेल का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य आपसी संबंधों और सहयोग की भावना को प्रबल बनाना था। इस कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### शिक्षक समाज का दीपस्तंभ : रविंद्र


**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक।

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय के बच्चों ने इस अवसर पर अपने प्रिय शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। सबसे खास आकर्षण रहा रोल प्ले कार्यक्रम रहा। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों की भूमिका निभाई। बच्चों ने गणित, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान आदि विषयों की कक्षाएं लेकर यह दर्शाया कि शिक्षक किस प्रकार बच्चों के जीवन में अनुशासन, ज्ञान और मूल्य स्थापित करते हैं। बच्चों की वेशभूषा और उनके आत्मविश्वास से भरे संवादों ने वातावरण को जीवंत बना दिया। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षक समाज का दीपस्तंभ होता है।


**जींद।** कार्यक्रम में मौजूद अध्यापक।

### यदुवंशी शिक्षा निकेतन बीबीपुर में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**जींद।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन बीबीपुर में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और शांति पूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र व छात्राओं ने अपने शिक्षकों को शुभकामनाएँ दीं और उन्हें सुंदर उपहार भेंट कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। पूरा विद्यालय गुरु.शिष्य परंपरा की भावना से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिक्षकों ने बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षक दिवस का महत्व बताया और समझाया कि यह दिन भारत के पूर्व राष्ट्रपति व महान दार्शनिक डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

### सम्मान के साथ आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में शिक्षक दिवस मनाया

**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में शिक्षक दिवस जोश ऊर्जा और सम्मान के माहौल में मनाया गया। पूरे विद्यालय परिवार ने सभी शिक्षकों को नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल ओम प्रकाश शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता हैं जो नई पीढ़ी को ज्ञान, अनुशासन और संस्कार देकर सशक्त राष्ट्र की नींव रखते हैं। उन्होंने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन मूल्यों को याद करते हुए शिक्षकों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर परिश्रम करने का संकल्प दोहराया। विद्यार्थियों ने भी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त कर उनका सम्मान किया।


**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।


**नरवाना।** अध्यापकों को सम्मानित करते हुए।

### वेदांता किड्स में शिक्षक दिवस मनाया

**नरवाना।** वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूल बसंत विहार में शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। यह दिवस हमारे पूर्व राष्ट्रपति, महान दार्शनिक एवं शिक्षक डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। सभी शिक्षक गणों द्वारा टीचर्स डे के उपलक्ष्य में केक काटा गया इसके पश्चात विद्यालय के बच्चों ने अपने शिक्षकों का अभिनंदन किया और उसके बाद विद्यालय प्रबंधन द्वारा शिक्षकों को पुष्पगुच्छ भेंट किया गया। बच्चों के समक्ष विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी अध्यापक गणों को टीचर्स डे के उपलक्ष्य में उपहार वितरित किए गए। विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्यए प्रेरणादायक भाषण, कविताएं और गीत प्रस्तुत कर वातावरण को हर्षोल्लास से भर दिया।


**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे।

### बच्चे स्कूल में बन कर आए अध्यापक

**जींद।** भारत विद्या मंदिर मिडल स्कूल में अध्यापक दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। आज स्कूल में 76 विद्यार्थी स्कूल यूनिफार्म की बजाय अध्यापक व अध्यापिका की वेशभूषा में आए। आज उनके चेहरों से तेज प्रज्ज्वलित हो रहा था। मुख्याध्यापक विनोद हसीजा ने कहा कि पांच सितंबर को भारत के दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म हुआ था। उन्होंने आग्रह किया था कि उनका जन्मदिन मनाने के बजाय इस दिन को अध्यापक दिवस के रूप में मनाया जाए ताकि देश के शिक्षकों को योग्य सम्मान दे सके। पांच सितंबर अध्यापक दिवस मनाने की परम्परा 1962 से शुरू हुई थी। जब भारत के शिक्षक डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के दूसरे राष्ट्रपति बने। देश के राजनेताओं, वैज्ञानिकों, डॉक्टरों, कलाकारों, किसानों, व्यापारियों, मजदूरों, सैनिकों, इंजीनियरों आदि में गुणवत्ता पैदा करने का श्रेय अध्यापकों को जाता है।

## द्रोणाचार्य और अर्जुन के उदाहरण से गुरु-शिष्य संबंध की महत्ता बताई

# डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया

- गुरु की महिमा पर विचार प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। बच्चों ने निदेशक हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति डा. धर्मदेव विद्यार्थी, प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी व सभी अध्यापकगण को तिलक लगाया। विद्यार्थी ने गुरु की महिमा के बारे में बताया और शिक्षक दिवस की बधाई दी। डा. विद्यार्थी ने गुरुओं की महिमा का गुणगान करते हुए बताया कि द्रोणाचार्य के शिष्य अर्जुन की धनुर्विद्या महान थी। अनेकों उदाहरण देकर उन्होंने गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि बच्चों की, पहले गुरु उसकी मां होती है और फिर पिता। बच्चा जो अपने माता-पिता से सीखता है वह उसे कोई नहीं सिखा सकता। विद्यार्थियों के लिए गुरु का ज्ञान आवश्यक है। क्योंकि यह न केवल पाठ्यक्रम के ज्ञान में वृद्धि करता है बल्कि व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्यों के निर्माण और जीवन के प्रति सही दृष्टिकोण प्रदान करता है। गुरु विद्यार्थियों की जिज्ञासा को बढ़ावा देते हैं, उन्हें जीवन की जटिलताओं से निपटने में मदद करते हैं और भविष्य में करियर बनाने के लिए आवश्यक ज्ञानए कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। जो गुरु का सम्मान करता है वह हमेशा आगे बढ़ता है। डीएवी विद्यालय के सभी अध्यापकगण श्रेष्ठ गुरू हैं जो हमेशा बच्चों का चहुंमुखी विकास करने के लिए प्रयासरत रहते हैं। इस अवसर पर छात्र व छात्राओं और शिक्षकों ने देश के पूर्व राष्ट्रपति और महान दार्शनिक डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया। विद्यार्थी ने बताया कि शिक्षक राष्ट्र के भविष्य को आकार देने वाले कुशल कारीगर होते है।


**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए अध्यापिकाएं।

### डा. राधाकृष्णन को किया याद

डा. राधाकृष्णन न केवल देश के राष्ट्रपति रहे बल्कि एक महान दार्शनिक एवं कुशल प्रशासक भी थे। उनके जन्मदिन को पूरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षक ही बच्चों को जीने की रहा सिखाता है माता पिता जन्म देते हैं लेकिन शिक्षक बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। मन में नैतिक मूल्य और संस्कारित करते हैं। इसलिए कहा गया है गुरु ब्रह्मा है विष्णु है शंकर है और साक्षात परम ब्रह्मा हैं। इस मौके पर अनेक रोचकपूर्ण खेल प्रतियोगिताएं अध्यापकगण के लिए भी करवाई गई और प्रथम आने वाले अध्यापकगण को पुरस्कृत भी किया गया।